संॅ0सं0–3/सी0एस0/एम0–01/2023 136

बिहार सरकार

**मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग**

**प्रेषक,**

**मुख्य सचिव,**
बिहार।

**सेवा में,**

**सभी विभागों के अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव,**
**सभी प्रमंडलायुक्त,**
**सभी जिला पदाधिकारी।**

**पटना, दिनांक–** 03/02/2023

**विषयः–** **समाधान यात्रा के दौरान चयनित उत्तम परियोजनाओं के अनुरक्षण एवं बेहतरीन कार्यप्रणालियों के दुहराव की समीक्षा के संबंध में।**

**महोदय,**

माननीय मुख्यमंत्री द्वारा की जा रही समाधान यात्रा के अन्तर्गत विभिन्न गाँवों के भ्रमण दौरान कतिपय उत्तम परियोजनाएँ एवं बेहतरीन कार्यप्रणालियाँ (best practices) दिखायी जा रही हैं। यह अपेक्षा की जाती है कि इन परियोजनाओं का अनुरक्षण (maintenance) समुचित तरीके से किया जाए तथा इन्हें विभिन्न जिलों के अन्य गाँवों में भी अपनायी जाएँ। इसके लिए निम्नलिखित दिशा–निर्देश दिये जाते हैं:–

संबंधित जिला के जिला पदाधिकारी उक्त चयनित परियोजनाओं एवं बेहतरीन कार्यप्रणालियों (best practices) का विभिन्न गाँवों/पंचायतों/प्रखंडों में दुहराव (replication) सुनिश्चित करने के लिए अपने अधीनस्थ पदाधिकारियों/कर्मचारियों का परिभ्रमण (exposure visit) करायेंगे। आवश्यकतानुसार ऐसे अंतर्जिला परिभ्रमण भी कराये जा सकते हैं।

इन परियोजनाओं एवं कार्यप्रणालियों से संबंधित निर्देशिका (directory) तैयार की जानी है। इसके लिए संबंधित जिला पदाधिकारी मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग को फोटोग्राफ्स तथा आलेख उपलब्ध करायेंगे।

उपर्युक्त कार्यों की समीक्षा हेतु अगले तीन महीने के बाद संबंधित जिला पदाधिकारी इसका प्रस्तुतीकरण करेंगे तथा भविष्य में भी इसकी समीक्षा समय–समय पर आयोजित की जाती रहेगी।

**विश्वासभाजन**

**मुख्य सचिव** 3-2-23
बिहार